पुलिस महानिदेशक को सम्मानित करते हुए।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### दून सिख वेलफेयर सोसाइटी ने किया डीजीपी को सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। दून सिख वैलफेयर सोसाइटी ने लॉकडाउन के दौरान कोराना वायरस कोविड 19 संक्रमण से सुरक्षा एवं उसके रोकथाम में अपनी महत्वपूर्ण सेवायें अर्पित करने वाले उत्तराखंड राज्य के पुलिस महानिदेशक अनिल के रतूडी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दून सिख वैलफयेर सोसाइटी के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अनिल के रतूडी को उनकी कार्यकुशलता एवं सामज के प्रति कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण से सुरक्षा तथा उसकी रोकथाम के लिए अपनी जिम्मेवारियों के सकुशल निवर्हन को केन्द्रित कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### आंदोलनकारियों के लिए जारी करें समान पेंशन का शासनादेश

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य चिन्हित आंदोलनकारी समिति के जला महामंत्री चिन्तन सकलानी ने राज्य सरकार से मांग की है कि आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन का शसनादेश शीघ्र ही जारी किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी तो मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही शासनादेश जारी करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज कई माह व्यतीत होने के बाद भी शासनादेश जारी नहीं किया गया है जो चिंता का विषय है।

### जलभराव की स्थिति से शहर की बदहाली पर जताया रोष

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव व वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जोशी ने नगर निगम द्वारा बरसाती मौसम में जलभराव की स्थिति से शहर की बदहाली पर रोष व्यक्त किया। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि बरसात शुरू हो चुकी है नालियों की सफाई न होने से नालियों का कचरा सड़क पर आ रहा है जिससे गंदगी का अंबार सड़कों पर लग रहा है जलभराव की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि जगह जगह सड़कों पर गड्ढे हैं जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है लोग लगातार चोटिल हो रहे हैं।

### स्वर्गीय अहलूवालिया की मूर्ति हटाये जाने के विरोध में ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने उप जिलाधिकारी से मुलाकात कर ट्रांसपोर्ट नगर में लगी स्वर्गीय जस्सा सिंह अहलूवालिया की मूर्ति हटाये जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। मांग करते हैं कहा कि स्व. संत जस्सा सिंह की मूर्ति को यथा स्थान बनाये रखा जाय।

# फिल्म शिक्षा पर कोर्स प्रारम्भ किए जाने के निर्देश

**शुभारम्भ**

- दून विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ सिनेमेटिक स्टडिज की करें स्थापनाः मुख्यमंत्री
- फिल्म शूटिंग की ऑनलाइन अनुमति के लिए पोर्टल का शुभारम्भ

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दून विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ सिनेमेटिक स्टडिज की स्थापना करते हुए फिल्म शिक्षा पर कोर्स प्रारम्भ किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए विशेषज्ञों का एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाए। इसमें फिल्म जगत व फिल्म शिक्षा के अनुभवी लोगों को नामित किया जाए। प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर कोर्स डिजाइन किए जाएं।

पाठ्यक्रम आने वाले समय में फिल्म उद्योग की मांग के अनुरूप हों और सिनेमा के विविध आयामों को समावेशित करने वाला हो। इसमें स्नातक डिग्री और लॉजिस्टिक प्रोडक्शन के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किए जा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फिल्म शूटिंग की ऑनलाइन अनुमति के लिए पोर्टल का शुभारम्भ भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं, युवाओं की प्रतिभा को कैसे उजागर किया जाय, इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। फिल्म के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य भी फिल्म शूटिंग के लिए अनुकूल है। फिल्म के क्षेत्र में राज्य में युवाओं को अच्छा वातावरण मिलना जरूरी है। फिल्म एजुकेशन से फिल्म जगत के विभिन्न पहलुओं की जानकारी लोगों को मिलेगी।

इस अवसर पर महानिदेशक सूचना डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने राज्य की फिल्म नीति के सबंध में प्रस्तुतिकरण दिया।

बैठक में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक विशाल भारद्वाज, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा आनंदबर्द्धन, सचिव सूचना दिलीप जावलकर, कुलपति दून विवि डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल, उपनिदेशक केएस चौहान उपस्थित थे। पवनहंस लि. के राजीव अग्निहोत्री, रमेश के. आदि उपस्थित थे।

### सीएम ने किया लेखक एवं समीक्षक गोपाल सिंह थापा की पुस्तक का विमोचन



देहरादून। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सचिवालय में लेखक एवं समीक्षक गोपाल सिंह थापा की पुस्तक देहरादून सिनेमॉज का विमोचन भी किया। इस पुस्तक में उन्होंने देहरादून में सिनेमाघरों की पहले की स्थिति एवं वर्तमान स्थिति का शोध कर विवरण प्रस्तुत किया है। मनोरंजन के क्षेत्र में तकनीकि के विकास के साथ सिनेमाघरों की स्थिति में आये परिवर्तन के बारे में जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि यह पुस्तक दशकों से मनोरंजन के संसाधन के रूप में सिनेमाघरों के प्रति लोगों की रूचि एवं तकनीक के विकास के साथ हुए परिवर्तन के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

# नारी निकेतन में किशोरी दुष्कर्म मामले में सांकेतिक धरना

**मांग**

- महानगर महिला कांग्रेस ने की दोषी को बर्खास्त करने की मांग

देहरादून। **संवाददाता**



महिला कांग्रेस ने देहरादून के केदारपुरम स्थित नारी निकेतन में घटित घटना के विरोध में सांकेतिक धरना दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि जिस तरह नाबालिक लड़की इतनी सुरक्षा के बावजूद गायब हो जाती है और ये घटना समाचार पत्रों के माध्यम से तब सामने आती है जब उस बच्ची के साथ बलात्कार जैसी जघन्य अपराधिक घटना घटित हो जाती है। इसी तरह की कई घटनाएं पिछले कुछ समय से नारी निकेतन मे घटित होती आ रही है जो नारी निकेतन की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह है। किन परिस्थितियों मे नाबालिक लड़की लापता हुई और किस परिस्थिति मे वापस आई इसकी जानकारी के लिए नारी निकेतन की वार्डन और सुरक्षा अधिकारी मौन धारण किये हुए हैं।

यह प्रकरण किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा करता है। नारी निकेतन में घटी इस घटना से पूरा उत्तराखण्ड शर्मसार है तथा इससे देवभूमि की गरिमा को भारी आघात लगा है। महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश रमन ने कहा की इस प्रकरण मे उच्चस्तरीय जाँच होनी चाहिए, वारडन और सुरक्षा अधिकारी को बर्खास्त करना चाहिए। राज्य के मुखिया को इस पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। डॉ प्रतिमा सिंह ने कहा की देवभूमि के अंदर बच्चियों और महिलाओं के साथ इस तरह के जघन्य अपराध देवभूमि को शर्मसार करते हैं,राज्य सरकार की चुप्पी इस प्रकरण मे बहुत कहानियाँ बयाँ करती हैं।

धरने में डॉ आरपी रतूड़ी, डॉ प्रतिमा सिंह, पार्षद उर्मिला थापा, पुष्पा पंवार, चंद्रकला, अनुराधा, संध्या थापा आदि मौजूद रहे।

### एनएसयूआई ने केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री का आवास घेरा

**संवाददाता** देहरादून। अंतिम सैमेस्टर की परीक्षाओं को स्थगित कर छात्र–छात्राओं को प्रमोट किये जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक के आवास का घेराव कर अपना विरोध दर्ज किया। बाद में पुलिस सभी को गिरफ्तार करनपुर चौकी ले आई। आज एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता विजय कॉलोनी स्थित केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक के आवास जाने लगे तो पुलिस ने विजय कॉलोनी के पास ही सड़क पर बैरीकैडिंग लगाकर एसएसयूआई कार्यकर्ताओं को बैरीकैडिंग लगाकर रोक लिया। इस बीच कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और वहीं धरने पर बैठ गये।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।